थाना हरबंश मोहाल पुलिस टीम ने ऑपरेशन त्रिनेत्र अभियान में लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से 25 हजार के इनामिया अन्तर्राज्यीय वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

श्रीमान पुलिस आयुक्त महोदय द्वारा पुरुष्कार घोषित अपराधी/वांछित अपराधियों को गिरफ्तार कर अपराध मुक्त जनपद बनाने के क्रम में चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में पुलिस उपायुक्त अपराध कानपुर पुलिस उपायुक्त पूर्वी जोन कानपुर नगर व अपर पुलिस उपायुक्त पूर्वी जोन कानपुर नगर एवं सहायक पुलिस आयुक्त महोदय कलक्टरगंज के निर्देशन में व प्रभारी निरीक्षक हरवंश मोहाल के कुशल पर्यवेक्षण में थाना हरबंशमोहाल की टीम के अथक प्रयास से थाना स्थानीय से इनामिया/वाँछित अपराधी जिसने वादी के 250000/- रूपये चोरी कर लिये थे के संबंध में थाना स्थानीय पर मु.अ.स. 31/2024 धारा 379,427,420 भादवि0 पंजीकृत किया गया था। जिसमे अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु श्रीमान पुलिस उपायुक्त पूर्वी महोदय द्वारा 25000/- रूपये का ईनाम घोषित किया गया था। इनामिया/वांछित अभियुक्त को थाना हाजा की पुलिस के अथक प्रयास व हर संभव स्थान में दविश देते हुए अभियुक्त सुनील दुबे उर्फ लल्लू पुत्र श्याम लाल दुबे निवासी ग्राम भरपुरा थाना पड़री जिला मिर्जापुर को सिद्धेश्वर मन्दिर से मरी कम्पनी पुल की ओर जाने वाले रास्ते पर मुखविर की सूचना पर अभियुक्त को आज दिनांक 07.07.2024 को समय प्रातः 04.55 बजे गिरफ्तार किया गया तथा अभि0 उपरोक्त के कब्जे से एक अदद तमन्चा 315 बोर 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर ,एक अदद एन्ड्राइड मोवाइल ओपो कम्पनी रंग काला और ,06 अदद आधार कार्ड व एक ड्रायविंग लाइसेंस व एक निर्वाचन कार्ड, प्रेस आईडी, चार एटीएम कार्ड तथा 05 अदद सिम व ,नगद 4090/- रुपये ,एक काले रंग की स्मार्ट वाच ,एक मोटर साइकिल हीरो होण्डा स्पलेण्डर यू0पी0-78- एफसी 2449 रंग काला बरामद हुये। इनामिया/वाँछित अभि0 सुनील दुबे उर्फ लल्लू पुत्र श्याम लाल दुबे निवासी ग्राम भरपुरा थाना पड़री जिला मिर्जापुर को गिरफ्तार कर व बढोत्तरी धारा 411 भा0द0वि0 व धारा3/25 आर्म्स एक्ट तथा धारा 317 (2),318(4) ,338,336 (3),340(2) बी0एन0एस0 थाना हरवंश मोहाल कानपुर नगर को मा0न्यायालय भेजा जा रहा है।

<u>आपराधिक इतिहास</u>

1-मु0अ0स0-31/24 धारा 379,427,420 भादवि0 बढोत्तरी धारा 411 भा0द0वि0 थाना हरवंश मोहाल

2-मु0अ0सं0 71/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना हरवंश मोहाल

3-मु0अ0सं0 72/24धारा 317(2) /318(4)/338/336(3)/340(2) बी0एन0एस0 थाना हरवंश मोहाल

4.मु0अ0सं0 238/20 धारा 380/419/420/467/468/471 भादवि0 थाना जी0आर0पी0 कानपुर

5. मु0अ0सं0 472/20 धारा 419/420 भादवि0 थाना खुलदावाद जनपद प्रयागराज

6. मु0अ0सं0 311/17 धारा 379/411 भादवि0 थाना कोतवाली चुनार जनपद मिर्जापुर

<u>बरामदगी का विवरण</u>

1.एक अदद तमन्चा 315 बोर   02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर
2.एक अदद एन्ड्राइड मोवाइल ओपो कम्पनी रंग काला और
3.06 अदद आधार कार्ड व एक ड्रायविंग लाइसेंस व एक निर्वाचन कार्ड, प्रेस आईडी, चार एटीएम कार्ड तथा 05 अदद सिम
4. नगद 4090/- रुपये
5.एक काले रंग की स्मार्ट वाच
6.एक मोटर साइकिल हीरो होण्डा स्पलेण्डर यू0पी0-78- एफसी 2449 रंग काला

<u>गिरफ्तार करने वाली टीम के अधि0/कर्म0गण :</u>

1. प्रभारी निरीक्षक श्री विक्रम सिंह थाना हरवंश मोहाल
2.उ0नि0 श्री आदित्य बाजपेई चौकी प्रभारी सुतरखाना थाना हरवंशमोहाल कानपुर नगर।
3.उ0नि0 श्री प्रवीण कुमार थाना हरवंशमोहाल कानपुर नगर।
4.उ0नि0यूटी सागर कुमार थाना हरवंश मोहाल
5.हे0का0 198 कौशल कुमार थाना हरवंशमोहाल कानपुर नगर।
6.का0 534 धर्मेन्द्र कुमार थाना हरवंश मोहाल

प्रभारी निरीक्षक
थाना हरवंश मोहाल
कमि0 कानपुर नगर